09.01.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री मोदी कल से 3 दिवसीय गुजरात दौरे पर रहेंगे।
- मुख्यमंत्री ने सीधी के बहरी में 213 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात; नया कॉलेज और फोरलेन सड़क मंजूर।
- केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लॉन्च किया 'क्रिएटर्स कॉर्नर'; 1 करोड़ युवाओं को डिजिटल दुनिया से जोड़ने का लक्ष्य।
- टीबी के खिलाफ जंग में एमपी को बड़ी सफलता; भोपाल, इंदौर और ग्वालियर की लैब को मिली नई दवाओं की जांच की मंजूरी।

प्रधानमंत्री-गुजरात यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल से तीन दिन की गुजरात यात्रा पर जाएंगे। श्री मोदी शाम को सोमनाथ पहुंचेंगे और ओंकार मंत्रोच्चारण में शामिल होंगे। वे सोमनाथ मंदिर में ड्रोन शो भी देखेंगे।

प्रधानमंत्री रविवार को शौर्य यात्रा में भाग लेंगे। यह यात्रा सोमनाथ मंदिर की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अनगिनत योद्धाओं के सम्मान में आयोजित की गई है। श्री मोदी सोमनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा अर्चना करेंगे। प्रधानमंत्री सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में भी हिस्सा लेंगे। इसके बाद, प्रधानमंत्री राजकोट जाएंगे और कच्छ तथा सौराष्ट्र क्षेत्र के लिए आयोजित वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन में शामिल होंगे। श्री मोदी इस सम्मेलन में एक व्यापार मेला और प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री राजकोट से अहमदाबाद के लिए रवाना होंगे। वे सेक्टर 10 ए से महात्मा मंदिर तक अहमदाबाद मेट्रो के दूसरे चरण के शेष हिस्से का उद्घाटन करेंगे।

मुख्यमंत्री सीधी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के किसी भी अंचल को विकास से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। वे आज सीधी जिले की बहरी तहसील में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ₹213 करोड़ से अधिक की लागत के 714 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया तथा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ वितरित किया।उन्होंने कहा बहरी में कॉलेज की स्थापना की जाएगी ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य प्रगति पथ और नए फोरलेन मार्ग से सीधी से सिंगरौली तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी, जिससे औद्योगिक विकास और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

अश्विनी वैष्णव - क्रिएटर्स कॉर्नर

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रसार भारती के वेव्स प्लेटफॉर्म को वैश्विक स्तर पर व्यापक सराहना मिली है और इससे पांच हजार करोड़ रुपये का अंतरराष्ट्रीय व्यापार हुआ है। श्री वैष्णव ने आज डीडी न्यूज़ पर कंटेंट क्रिएटर्स को सशक्त बनाने के लिए शुरू किए गए नए प्लेटफॉर्म 'क्रिएटर्स कॉर्नर' के शुभारंभ के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रसार भारती की इस नई पहल का उद्देश्य रचनात्मक सामग्री को प्रदर्शित करना और इसे बढ़ावा देना है। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने एक करोड़ युवाओं को रचनाकार अर्थव्यवस्था से जोड़ने का लक्ष्य रखा है।

प्रगति

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। प्रगति ने प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं और जन शिकायतों की वास्तविक समय में निगरानी तथा समाधान को सक्षम बनाकर शासन व्यवस्था में क्रांति ला दी है। यह मंच केंद्र, राज्यों और भारत सरकार के मंत्रालयों को एकल डिजिटल इंटरफेस पर लाकर सहकारी संघवाद का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। एक दशक से अधिक समय से, प्रगति ने निर्णय लेने की प्रक्रिया को तेज करने और प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं में देरी का कारण बनने वाले मुद्दों के समाधान में मदद की है तथा जवाबदेही की एक मजबूत संस्कृति को बढ़ावा दिया है। आज इस विशेष श्रृंखला में, हम प्रगति तंत्र के अंतर्गत समीक्षा की गई विद्युत क्षेत्र की परियोजनाओं पर एक नजर डालेंगे।

टीबी प्रमाणन

प्रदेश ने टीबी के खिलाफ लड़ाई में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। राज्य की तीन प्रमुख प्रयोगशालाओं—भोपाल, इंदौर और ग्वालियर को नई टीबी दवाओं की जांच के लिए राष्ट्रीय स्तर का प्रमाणन मिला है। इन प्रयोगशालाओं में अब बेडाक्विलिन और प्रेटोमैनिड जैसी आधुनिक दवाओं की प्रभावशीलता की सटीक जांच संभव होगी। इससे दवा-प्रतिरोधी टीबी मरीजों को समय पर सही इलाज मिल सकेगा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश के मजबूत स्वास्थ्य तंत्र और वैज्ञानिक क्षमता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इससे टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने में मध्य प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा। राज्य सरकार टीबी उन्मूलन के लिए हर आवश्यक संसाधन और तकनीकी सहयोग देती रहेगी।

पेयजल

भोपाल की मेयर मालती राय ने कहा है कि नगर निगम शहर में पेयजल की गुणवत्ता को लेकर पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने बताया कि अब तक 1810 पानी के सैंपल लैब में भेजे गए, जिनकी जांच की गई। इनमें से चार सैंपल में बैक्टीरिया पाए गए, जो अंडरग्राउंड ट्यूबवेल के कच्चे पानी के थे। यह पानी भोपाल के नागरिकों को सप्लाई नहीं किया जाता।

उन्होंने कहा कि नागरिकों की शिकायतों के आधार पर लगातार सैंपल लिए जा रहे हैं और उन्हें जांच के लिए संबंधित लैब में भेजा जा रहा है, ताकि शहर में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित किया जा सके।

मौसम

घने कोहरे और कड़ाके की ठंड ने जनजीवन अस्त–व्यस्त कर दिया है। कोहरे के कारण दिल्ली से भोपाल, इंदौर और उज्जैन आने–जाने वाली 12 से अधिक ट्रेनें देरी से चलीं। मौसम विभाग ने दतिया और रीवा समेत 7 जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। खजुराहो प्रदेश का सबसे ठंडा इलाका रहा, जहां तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मुरैना में ठंड के चलते कक्षा 1 से 8 तक के स्कूलों में छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। मौसम विभाग के मुताबिक कल भी कोहरे का असर बना रह सकता है। खंडवा जिले में शीतलहर का दौर लगातार जारी है। सुबह

और रात के समय ठंड का प्रभाव अधिक महसूस किया जा रहा है, जबकि दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

- झाबुआ जिले के ग्राम झुमका, पारा एवं लखपुरा में महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री निर्मला भूरिया ने नवीन आंगनवाड़ी भवन,ग्राम पंचायत भवन तथा पुलिया सह स्टॉप डैम निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया।
- शाजापुर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने आज जिले के गांधी हॉल में एबीवीपी द्वारा आयोजित युवा संसद का शुभारंभ किया।
- निवाड़ी में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने लापरवाह अधिकारी कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये।
- आगरमालवा के सुसनेर शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय में आज "विकसित और आत्मनिर्भर भारत" की थीम पर विकासखंड स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।
- सतना में राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने आज  दो सामुदायिक पार्कों और स्कूल बाउंड्रीवाल का किया भूमिपूजन।'
- गुना में आज प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा सब्जी विक्रेताओं को शास्त्री पार्क सब्जी मंडी में बायोडिग्रेडेबल पॉलिथीन का वितरण कराया गया।
- शाजापुर के मंगलाज गांव में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नवीन भवन का लोकार्पण आज आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार और क्षेत्रीय सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी की उपस्थिति में किया गया।
- नीमच के रामपुरा आईटीआई में रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 13 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है।
- '"ग्राम सुरक्षा पथ" अभियान के तहत छतरपुर के ग्राम ढड़ारी में एसपी छतरपुर द्वारा ग्रामवासियों को  दुर्घटना से बचाव एवं यातायात के संदर्भ्ा में जागरूक किया।
- "युवा दिवस" के अवसर पर 12 जनवरी को बैतूल जिला मुख्यालय स्थित जेएच कॉलेज परिसर में प्रातः 9 बजे सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा।